## सार-समाचार

### भव्य शोभायात्रा निकाली

**पाटन** (निसं)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत स्यालोदडा में बुधवार को लोक देवता झुझार महाराज की भव्य शोभायात्रा बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यह आयोजन प्रतिवर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर किया जाता है, जिसमें शोभायात्रा के साथ जागरण, मेला और कुश्ती दंगल जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित होते हैं।शोभायात्रा झुझार बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस दौरान बाबा झुझार महाराज को श्वेत अश्व रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सैकडों महिलाओं ने निशान लेकर शोभायात्रा में भाग लिया और भक्ति गीतों के साथ वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।अलवर से आए बी. एम. इवेंट ग्रुप के कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। इनमें शिव अघोरी और राधा-कृष्ण की झांकियां विशेष रूप से दर्शकों को आकर्षित करती नजर आई। लोक देवता झुझार बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश जांगिड ने बताया कि शोभायात्रा के उपरांत बुधवार रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद गुरुवार को मेले का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्रभर से लोग पहुंचेंगे। साथ ही कुश्ती दंगल का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास और दूर-दराज के अखाडों के पहलवान अपने दांव-पेंच का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

### राकेश बलोदा सीकर जिलाध्यक्ष नियुक्त

**सीकर** (निसं)। ग्राम पंचायत कुशलपुरा के सरपंच राकेश बलोदा को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान में सीकर जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सी. बी. यादव द्वारा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा की अनुशंसा पर की गई है। राकेश बलोदा इससे पहले कल्याण कॉलेज में छात्र राजनीति में सक्रिय रहे हैं तथा युवाओं के बीच उनकी पहचान एक जुझारू और संगठनात्मक क्षमता वाले कार्यकर्ता के रूप में है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर राकेश बलोदा ने कहा कि मैं प्रदेश नेतृत्व, पीसीसी चीफ श्री गोविंद सिंह डोटासरा, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सी. बी. यादव, सीकर जिलाध्यक्ष सुनीता गिठाला, तथा सीकर विधायक राजेंद्र पारीक का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मैं संगठन को मजबूत करने और ग्रामीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा। उन्होंने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण समर्थकों और कार्यकर्ताओं के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त किया। राकेश बलोदा की इस नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गांव के लिए सम्मान की बात है और इससे जिले में युवा नेतृत्व को नई मजबूती मिलेगी।

### शोभायात्रा की तैयारियों जोरों पर

**बीदासर** (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सनातन धर्म व हिन्दू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को राम नवमी के महापर्व पर निकलने वाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा को लेकर युवाओं में जबरदस्त जोश दिखाई दे रहा है। युवाओं की टोली रात दिन चप्पे-चप्पे पर व विद्युत पोलों, गल्ली, मोहल्लों व चैराहों तथा घरों की मुंडेर को भगवा ध्वजों से पाट रहे है। जिससे पुरा कस्बा भगवा ध्वजों से भगवामय नजर आ रहा है। विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि गुरूवार को सीकर नोखा रोड स्थित संत दादू दयाल आश्रम से गाजे बाजे के साथ भगवान श्रीराम की भव्य भगवा शोभायात्रा सांय 4 बजे रवाना होगी। जो कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरने पर सर्व समाज द्वारा पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया जायेगा। शोभायात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारीया दी गई। वही निकलने वाले जुलूस के मार्ग का भी चयन कर लिया गया है। शोभायात्रा डीजे, बग्गी, बैंडबाजा रथ व घोड़ीयों के साथ निकलेगी। शोभायात्रा के स्वागत के लिए सर्व समाज द्वारा स्वागत द्वार बनाए जा रहे है। स्वागत द्वारों पर शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया जायेगा। भगवा रैली को लेकर बुधवार को विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, संजय कुमार मोदी, धनराज सैन, अंकित सेठिया, गौरव भाटी, शुभम जैन, सुजल सैन सहित अनेक कार्यकर्ता दिनभर तैयारियों में जुटे रहे।

# एसपी ने राजलदेसर पुलिस थाने का निरीक्षण किया

■ पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में बुधवार को चूरू एसपी निश्चय प्रसाद एम ने बीकानेर जाते समय राजलदेसर पुलिस थाने का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देंश भी दिए पुलिस जवानों ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने मालखाना, हवालात, कप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, मैस और पुलिसकर्मियों के क्वार्टर का बारीकी से मुआयना किया उन्होंने राजलदेसर थानाधिकारी से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की विस्तृत जानकारी भी ली निरीक्षण के दौरान एसपी ने निर्देंश दिए कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए उन्होंने कहा कि शिकायतों का यथा संभव समय पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है और लोग इसके प्रति पूरी तरह जागरूक नहीं हैं। ऐसे में साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इसके लिए तकनीकी टीम को और मजबूत किया जाएगा और आमजन को भी जागरूक किया जाएगा । साथ ही उन्होंने राजलदेसर पुलिस थाने की व्यवस्था की प्रशंसा भी की । इस अवसर पर पत्रकारों ने राजलदेसर पुलिस थाने में लंबे समय से स्टाफ की कमी को लेकर अवगत कराया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा अभी मैं चूरु जिले के सभी पुलिस थानों का निरीक्षण कर रहा हूं निरीक्षण के बाद में जहां पर जरूरत होगी वहां पर पुलिस के जवान लगा दिए जाएंगे साथ ही उन्होंने तेज गति से वाहन चलाने वाले लोगों से आग्रह किया कि जीवन बहुत अनमोल है सभी नेशनल हाईवे रोड पर हाई लेवल के कैमरे लग चुके हैं जो स्पीड निर्धारित की गई है उसी हिसाब से चलाएं साथ ही वाहन चलाते समय यातायात नियमों का भी पालन करें इसके अलावा राजलदेसर नेशनल हाईवे बस स्टैंड पर आए दिन हो रहे एक्सीडेंट केस को लेकर उन्होंने कहा अति शीघ्र उच्च अधिकारियों से मिलकर इस महत्वपूर्ण समस्या के बारे में अवगत करवाया जाएगा।

साथ ही हाईवे के अधिकारियों से भी वार्ता की जाएगी इस अवसर पर उन्होंने पुलिस थाना का पूरा अवलोकन किया अवलोकन के बाद उन्होंने कहा कि पुलिस थाना बहुत अच्छा है साथ ही साफ सफाई पुलिस के जवानों के कार्यशैली की प्रशंसा की एवं पुलिस के जवानों को वर्तमान में सोशल मीडिया के जमाने को देखते हुए अधिक से अधिक कंप्यूटर चलाने की बात कही। तथा किसी भी अपराधियों को नहीं बख्शा जाएगा। इस मौके पर रतनगढ पुलिस उपाधीक्षक इन्सार अली, थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

### यज्ञ में आहुति दी

**पाटन** (निसं)। सीकर जिले के चीपलाटा स्थित काली पहाड़ी स्थित पावन शक्तिपीठ में आयोजित भव्य सहस्त्रचंडी महायज्ञ ने आध्यात्मिक आस्था और ऊर्जा का नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

यज्ञ के सातवें दिन तक मां भगवती की कृपा से 10 लाख आहुतियां पूर्ण होने के साथ ही पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह के अद्वितीय माहौल में डूब गया है। यज्ञ मंडप में गूंजते वैदिक मंत्रोच्चार, हवन कुंड से उठती दिव्य अग्नि और श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्था ऐसा दृश्य प्रस्तुत कर रही है, मानो देवताओं का साक्षात आ ान हो रहा हो। महंतों और संतों के सानिध्य में हो रहे इस महायज्ञ में रुद्र जप, चंडी पाठ और हवन आहुतियों का विशेष महत्व बताया जा रहा है।धार्मिक विद्वानों के अनुसार इतनी विशाल संख्या में आहुतियों का पूर्ण होना अपने आप में एक दुर्लभआध्यात्मिक उपलब्धि है, जो समूचे क्षेत्र के कल्याण और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जा रहा है।

श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस महायज्ञ में भाग लेने और परिक्रमा करने से मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्त होती है। यहां पहुंचने वाला हर भक्त मन में आस्था और विश्वास लेकर लौट रहा है।

## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर 28 मार्च को

**नोहर,** (निसं)। शारदा देवी चेरीटेबल ट्रस्ट एवं होरिबा इंडिया प्रा. लिमिटेड के तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होने जा रहा है। पत्रकार वार्ता में उक्त ट्रस्ट के ट्रस्टी पूर्व सरपंच हेमराज शर्मा व पूर्व सरपंच शंकरलाल शर्मा ने बताया कि हमारा ट्रस्ट पीछले पन्द्रह वर्षों से लगातार विभिन्न क्षेत्रों सहित चिकित्सा सेवाओं में निःशुल्क सेवाऐं देता आ रहा है। जिसके तहत जयपुर में हमारे पास पहुंचने वाले रोगियों व उनके साथ आने वाले परिजनों के लिए निःशुल्क रहने, खाने-पिने की सेवाऐं उपलब्ध है। इसके अलावा हमारे ट्रस्ट के तत्वावधान में स्थानीय पंचायत समिति रोड़ स्थित नेहरु बाल वाटिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 28 मार्च, शनिवार शुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक, निःशुल्क विभिन्न रोगों की चिकित्सा परामर्श, निशुल्क दवा वितरण एवं विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। जिसमें निम्न चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सक व रक्त संग्रहण संस्थान अपनी सेवाऐं देंगे। डॉ. हंसराज शर्मा , प्रसुति रोग एवं स्त्री रोग व निसन्तानता विशेषज्ञ . हॉस्पिटल नोहर, डॉ. हितेश शर्मा, पेट, ओत एवं लिवर रोग विशेषज्ञ गैस्ट्रोलॉजी डॉ. राजेश शर्मा, गठिया, सर्वाइकल, एव हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजीव शर्मा, मूत्र रोग, पत्थरी, प्रोस्टेट, कैंसर, किडनी ट्रांसपलांट, लैप्रोस्कोपिक एंव रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ. गोरा, न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ. अश्विनी कुमार खिचड़, कुल्हे, घुटने का जोड़ प्रथ्यारोपण, हड्डी व जोड़ टेढ़ापन, हड्डीयों से सम्बधित रोगों के स्पेशलिस्ट जयपुर और रक्त संग्रह कर्ता टीम ब्लड बैंक जयपु, डॉ. गौरीशंकर नेहरा आयुर्वेदाचार्यऔर शेखावाटी हॉस्पिटल जयपुर, अपनी सेवाऐं देंगे। शिविर में सभी आगन्तुको एवं अतिथियों के लिए भोजन व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। आप सभी क्षेत्रवासियो से आग्रह रहेगा की इस शिविर में पहुंचकर लाभ उठाएँ और रक्तदान कर रक्तयोद्धा बनकर किसी का जीवन बचाने में और उसके परिवार की पुःन खुशी लाने में महति भूमिका निभाए।

### विराट शोभायात्रा को लेकर पीले चावल बांटे

**नोहर,** (निसं)। आज स्थानीय प्राचीन शिव मंदिर पाठशाला में रामोत्सव धर्मयात्रा को लेकर पोस्टर विमोचन व पीले चावल किया गया जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक व मातृशक्ति सहित भारी संख्या में लोग पहुंचे सर्व प्रथम योगी बाबा पंचमनाथ जी महाराज व योगी गुरु गोपालनाथ जी के द्वारा भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की गई और उसके बाद रामोउत्सव धर्मयात्रा समिति के संयोजक रमेश बडसीवाल व सुरेश पारीक, पूर्व पार्षद गंगाराम पारीक, चौथमल पंडिया, सोनू शर्मा, जगदीश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, राकेश जोशी भालाराम जांगिड़ द्वारा पीले चावल किये गए ईस मोके पर आयोजन समिति के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे इसके बाद योगी गोपालनाथ जी महाराज द्वारा सभा को संबोधित किया गया और 02 अप्रेल को निकलने वाली विशाल धर्मयात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँचने की अपील की ईस मोके पर डॉ हंसराज शर्मा डॉ चंद्र प्रकाश जांगिड़, डॉ गौतम स्वामी, जीतेन्द्र सोलंकी, राजेश कंकर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पारीक, बजरंग लाल शास्त्री, रणजीत बेनीवाल, गौरव पारीक, विशाल पारीक, अजय राठौड़, सोनू बाल्मीकि, रमेश पुष्करणा सहित सर्व हिन्दू समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मानित

**चूरू** (निसं)। स्थानीय जैन श्वेतांबर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्थानीय परीक्षाओं का परिणाम बुधवार को ट्रस्ट सदस्य अजय किशोर शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद जांगिड ने जारी किया। इस अवसर पर जांगिड़ ने बताया कि प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। परीक्षा प्रभारी रामचंद्र सैनी ने बताया कि विद्यालय की टॉपर चेतना धूत प्रथम, दीक्षा कंवर द्वितीय व सारिका कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उप प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद धुंआ ने आगंतुक अभिभावकों, विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, विजय शर्मा, लक्खू सिंह, हितेंद्र सिंह, पूनम वर्मा, सुमन शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सपना शर्मा ने किया।

# 'खाद्यान्न भंडारण की समुचित व्यवस्था कर हजारों टन बर्बाद हो रहे अनाज को बचाया जाए'

**झुंझुनूं,** (निसं)। सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने बुधवार को लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से खाद्यान्न भंडारण क्षमता एवं हजारों टन बर्बाद हो रहे अनाज से संबंधित मामला लोकसभा में उठाया।

सांसद ने कहा कि सरकार खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था को लेकर सच्चाई छिपाने का प्रयास कर रही है। एक ओर सरकार दावा कर रही है कि देश में पर्याप्त भंडारण क्षमता उपलब्ध है। वहीं दूसरी ओर सरकारी आंकड़े ही यह स्वीकार कर रहे हैं कि हर वर्ष हजारों टन अनाज खराब हो रहा है। सरकार द्वारा दिए गए आंकडों के अनुसार वर्ष 2023-24 में 10348 टन, 2024-25 में 7858 टन तथा 2025-26 में अब तक 2237 टन खाद्यान्न का नुकसान हुआ है। यह कोई नगण्य मात्रा नहीं है। बल्कि यह सीधे-सीधे गरीबों के हक का अनाज है जो या तो खराब हो रहा है या प्रबंधन की विफलता का शिकार बन रहा है। सांसद ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियों के पास पर्याप्त भंडारण क्षमता नहीं है। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि एक ओर देश में किसान रिकॉर्ड उत्पादन करता है।

वहीं दूसरी ओर उसे सुरक्षित रखने के लिए सरकार के पास पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। सरकार भंडारण क्षमता को पर्याप्त बताकर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। जबकि वास्तविकता में अभी भी अस्थायी और किराये के गोदामों पर निर्भरता बनी हुई है। सरकार प्राकृतिक आपदाओं का कारण बताकर प्रशासनिक लापरवाही को छुपाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन यह भी सामने आया कि भंडारण के दौरान भारी मात्रा में अनाज क्षितग्रस्त या नष्ट हुआ। यह सीधे-सीधे देश के किसानों की मेहनत और गरीबों के अधिकारों पर चोट है।

देश का किसान अपनी मेहनत से अन्न उगाता है। लेकिन वही अन्न सरकारी कुप्रबंधन के कारण खराब हो जाए, इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। एक तरफ करोड़ों लोग राशन पर निर्भर है। दूसरी तरफ हजारों टन अनाज बर्बाद होना सरकार की नीतिगत असफलता को उजागर करता है। सांसद ने कहा है कि देशभर में आधुनिक भंडारण (साइलो) व्यवस्था को तेज गति से से लागू किया जाए और हजारों टन अनाज बर्बाद होने से बचाया जाए। सरकार को यह समझना होगा कि यह सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि देश के गरीबों के अधिकार और किसानों की मेहनत का सवाल है।

## विचार गोष्ठी आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ जिला झुंझुनूं के कार्यकर्ता पदाधिकारियों द्वारा बुधवार को महान क्रांतिकारी एवं निर्भिक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर विद्युत श्रमिक संघ कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री रामगोपाल शर्मा ने विद्यार्थी जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

## कलेक्टर ने सूर्य मंदिर में धोक लगाई

**खिरोड,** (निसं)। लोहार्गल धाम में स्थित रामानुज सूर्य मठ मंदिर सूर्यकुंड में झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने सपत्निक धोक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। लोहार्गल सूर्य मठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामानुजाचार्य महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर भगवान सूर्यनारायण का प्रतिबिंब भेंट कर सम्मान किया। झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने भगवान सूर्य नारायण से मनोकामना मांग कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ(राज)**

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2026/21236649 दिनांक :-24.03.2026

**आपति आमत्रंण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महबूब पुत्र श्री अलीशेर जाति कुरैशी निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने सैक्टर सिनेमा मार्केट का व्यवसायिक भूखण्ड सं. 98 साईज 15'गुणा 30' फुट के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा सैक्टर सिनेमा मार्केट भूखण्ड सं. 98 साईज 15'गुणा 30' फुट का श्री लियाकत अली पुत्र श्री अली शेर कुरैशी के नाम से जारीशुदा है। श्री लियाकत अली ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 21.12.2023 द्वारा उक्त भूखण्ड श्री महबूब पुत्र श्री अलीशेर को दान कर दिया। जिसका अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा), अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर



**कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर**

सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड, सीकर-332001

ई-मेल-uit.sikar@rajatsthan.gov.in फोन नं. 01572-245057

क्रमांक-न.वि.न्या./नियमन/2026/959-16 दिनांक-25.03.2026

**लोक सूचना/आपत्ति विज्ञप्ति**

आवेदक श्रीमती ललिता बाई मीणा पत्नी श्री अमित कुमार मीणा जाति मीणा रिद्धि व सिद्धि मीणा नावालिग जरिये प्राकृतिक संरक्षक श्रीमती ललिता बाई मीणा निवासी बाई नं. 42 सूर्या नगर कॉलोनी पिपराली रोड सीकर द्वारा राजस्व शिवसिंहपुरा के खसरा नम्बर 687/596 क्षेत्रफल 1261.01 वर्गमीटर भूमि का नाम हस्तानान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदित भूखण्ड का व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ पट्टा विलेख क्रमांक 1528 दिनांक 02.07.2020 को श्री अमित कुमार मीणा पुत्र श्री सायरमल मीणा जाति मीणा निवासी वार्ड नं. 42 सूर्य नगर पिपराली रोड सीकर क पक्ष में जारी किया गया है। पट्टाधारक की मृत्यु के उपरान्त आवेदक/वारिसान द्वारा विहित दस्तावेज यथा मृत्यु प्रमाण पत्र तहसीलदार द्वारा जारी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत कर नाम हस्तानान्तरण चाहा गया है।

अत किसी व्यक्ति को उक्त नाम हस्तानान्तरण के सम्बन्ध मं कोई आपत्ति/एतराज हो तो यह सूचना प्रकाशन होने के दिनांक से 07 दिवस मं असालतन व वकालतन कार्यालय नगर विकास न्यास में उपस्थित होकर मय दस्तावेज लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई नजर/एतराज समाअत नहीं किया जावेगा और आवेदक के पक्ष में नियमानुसार नाम हस्तानान्तरण कर दिया जायेगा।

(जगदीश प्रसाद गौड) सचिव, नगर विकास न्यास, सीकर



**कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, साण्डया, चूरू, राज.**

क्रमांक-एमआरएस/निविदा/2026-27/131,132 दिनांक-23.03.2026

**निविदा सूचना**

स्थानीय कार्यालय में वर्ष 2026-27 मं साफ-सफाई कार्य, मैन विद मशीन, स्वास्थ्य मार्गदर्शक, चौकीदार, डीडीसी हैल्पर एवं लैब टैक्रिशियन की आपूत्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in एवं कार्यालय समय के दौरान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

NIB CODE- MHS2526A5515, MHS2526A5517

UBN Number: MHS2526SSOB0779, MHS2526SSOB07783

सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
सामुदायिक स्वा. केन्द्र साण्डवा (चूरू)



**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**

E-Mail : nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांकः–न.पा.बी / भूमि–शाखा / 2025–26 / 4019 दिनांक :– 19.03.2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदकों ने आवासीय निर्माण स्वीकृति / नामान्तरण / उपविभाजन / कृशि भूमि से आवासीय पट्टा / 69–क पट्टा हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः आवेदनों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो मय दस्तावेज के साथ 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवे समयावधि पश्चात कोई आपति मान्य नही होगीं।

**पत्रावलियों का विवरण**

| क्र. स | पत्रावली संख्या / दिनांक | नाम | भूमि का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | आस–पास का विवरण उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20 / 18.03.2026 | श्रीमति सुमन देवी सोनी पत्नि श्री नन्द लाल सोनी जाति सोनी निवासी दिखणादा घटियालिया बास कस्बा बीदासर। | 200.74 व.मी. (निर्माण स्वीकृति) | किरण देवी | आम रास्त चौक | आम रास्ता | सुमन देवी |
| 2. | 22 / 19.03.2026 | श्री गोपालराम प्रजापत पुत्र श्री जोराराम प्रजापत जाति प्रजापत निवासी गणेश मंदिर के पास कस्बा बीदासर। | 23.23 व.मी. (निर्माण स्वीकृति) | सम्पतमल प्रजापत | राहुल व एंजू देवी | आम रास्ता | संतोश कुमार |
| 3. | 21 / 19.03.2026 | श्री कमल कुमार पुत्र श्री बाबुलाल जाति सोनी निवासी गणेश मंदिर के पास कस्बा बीदासर। | 23.23 व.मी. (निर्माण स्वीकृति) | गजानन्द प्रजापत | सोनम कँवर | राजकुमार प्रजापत | आम रास्ता |

राज.संवाद / सी / 25 / 23262 अधिशाषी अधिकारी


## सुजानगढ़ के माहेश्वरी सेवा सदन में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

■ 155 मरीजों की हुई जांच, 55 मरीजों का ऑपरेशन के लिए हुआ चयन

**सुजानगढ़** (निसं)। माहेश्वरी सेवा सदन में बुधवार को स्थानीय लायंस क्लब व शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर एवं थानमल प्रेमादेवी गोठडिया चैरिटेबल ट्रस्ट सुजानगढ़ के आर्थिक सौजन्य से ईकतीसवां नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजित हुआ।

शिविर का शुभारंभ भामाशाह विनोद गोठड़िया, जोन चेयरपर्सन कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक, सचिव अशोक जाजू, उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के डॉक्टर नील ने दीप प्रज्ज्वलित किया। भामाशाह विनोद गोठडिया ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब के सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा शिविर लगाना एवं नेत्र ज्योति लाने में सहायक बनना सबसे बडा पुण्य का काम है।

उन्होंने कहा कि लायंस क्लब के साथ मिलकर सेवा कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने 155 रोगियों का परीक्षण किया एवम ऑपरेशन के लिए 55 रोगियों का चयन किया। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने शिविर के सफल आयोजन के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर, शंकरा हॉस्पिटल के अजीत तंवर एवं उनकी टीम, लायंस क्लब के सभी सदस्यों व मारुति अनुकंपा नर्सिंग स्टाफ, माहेश्वरी सेवा सदन के स्टाफ को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लायंस क्लब द्वारा रोगियों को मुफ्त दवाइयां एवम चश्मे दिए गए।

## श्याम बाबा प्रदर्शनी का आयोजन

**सीकर** (निसं)। सीकर जिले के खाटूश्यामजी कस्बे की नगर पालिका परिसर में राज्य सरकार की पंच गौरव योजना के अंतर्गत श्याम बाबा से जुड़ी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से श्याम बाबा प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में श्याम बाबा के जीवन प्रसंगों का चित्रात्मक चित्रण, खाटूश्यामजी से जुड़ी विशेष जानकारियां तथा बाबा की दुर्लभ एवं ऐतिहासिक तस्वीरें प्रदर्शित की गईं जिसमें श्याम भगतो सहित आमजन ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आयोजकों ने बताया कि पंच गौरव योजना के तहत सीकर जिले में धार्मिक पर्यटन के रूप में श्याम बाबा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**सीकर,** (निसं)। वंदे मातरम् 150 कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शहीद स्मारक पर शहीदी दिवस के अवसर पर सोमवार को सायंकाल केंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, नगर सुधार न्यास एवं शेखावाटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी, यूआईटी सचिव जगदीश प्रसाद गोड, जिला समन्वयक राकेश कुमार लाटा, शेखावाटी फाउंडेशन के पवन कुमार शर्मा सहित अधिशाषी अभियंता बी.एल. मीना, भागीरथ बेरवाल, रघुनाथ प्रसाद सैनी, संत लाल पारीक, आलोक शर्मा, संजय खीचड, मुकुश कुमार, गजानन रोहिल, दीपंकर शर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।


